खबर संक्षेप

फरार वारण्टी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया

मण्डला। जे.एम.एफ.सी. न्यायालय मण्डला के प्रकरण क्रमांक-517/22 धारा 294, 506, 435 भादवि. में जारी स्थाई गिरफ्तार वारण्टी देवी सिंह उलाडी पिता विश्वनाथ उलाडी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खीसी चौंकी अंजनिया जो कि पिछले दो वर्षों से फरार था जिसको गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे थे उसी दौरान वारण्टी की माँ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर अपने पुत्र देवी सिंह उलाडी को गांव के लोगो द्वारा हत्या कर देने की झूठी शिकायत की गई थी जिसकी जाँच कराई गई थी। उक्त वारण्टी का आज दिनाँक 25/07/2024 को सूचना मिली की वारण्टी गांव में आया है। त्वरित कार्यवाही करते हुए, थाना प्रभारी महोदय बम्हनी के निर्देशन पर टीम बनाकर स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार किया जाकर मान. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में चौंकी प्रभारी अंजनिया उनि. लाखन सिंह राजपूत, प्र. आर. उत्तम पटैल, पुसुलाल, भूपेन्द्र धुर्वे एवं आर. कीर्ति कुमार एवं सुनील सिंह की विशेष भूमिका रही।

बस और ट्राला की आमने सामने टक्कर

मंडला – मंडला जिले के नेशनल हाईवे 30 स्थित मोतीनाला थाना क्षेत्र अंतर्गत बस और ट्राला की आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब 10 लोग घायल हो गए और दो लोग गंभीर बताए जा रहे है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी मोतीनाला थाना और 108 एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मोतीनाला पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल लोगो को 108 की सहायता से बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जानकारी अनुसार बस मवई से होते हुए चिल्फी की तरफ जा रही थी और ट्रेलर रायपुर से जबलपुर की ओर जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पांच वर्ष से नहीं मिली आदिवासी उपयोजना मद की राशि

मंडला । आदिवासी बहुल मंडला जिले को विगत 5 वर्ष से आदिवासी उप योजना मद की राशि नहीं मिली है जिसके कारण हमारे इस आदिवासी जिले में विकास के कार्य प्रभावित हुए हैं। आदिवासी उप योजना के अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता एवं संविधान के अनुच्छेद 275(1) के मद सम्मिलित होते हैं और इन मदों की राशि एकीकृत परियोजना प्रशासक को प्रदाय की जाती है लेकिन मंडला जिले को पिछले 5 वर्ष से यह राशि नहीं मिली है। गुरुवार को अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के मंडला प्रवास के दौरान बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा उनसे मिले और इस विषय में संपूर्ण जानकारी देकर उन्हें पत्र भी सौंपा, विधायक ने आयोग अध्यक्ष से मांग की है की केंद्रीय जनजाति मंत्रालय के माध्यम से विगत 5 वर्षों की आदिवासी उप योजना मद की राशि मंडला जिले को प्रदाय कराई जाए। इसके साथ ही विधायक ने आयोग अध्यक्ष को और भी मांगों के पत्र सौंपे, जिनमे गौंडकालीन विरासत ऐतिहासिक मोती महल के समीप जनजातीय संग्रहालय बनाने की मांग, आदिवासी बाहुल्य घुघरी विकासखंड में उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु महाविद्यालय खोले जाने की मांग, गोंडी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करते हुए राज्य भाषा का दर्जा दिलाने की मांग सहित मंडला जिले में विगत 1 वर्ष से रिक्त पड़े आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त के पद पर किसी सक्षम अधिकारी की पदस्थापना करवाने की मांग सम्मिलित रही।

स्कूल और छात्रावासों के संचालन में

लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करें - अंतर सिंह आर्य

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने जिला स्तरीय बैठक में विभागों की समीक्षा की

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि पूरे देश में बारह करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, रोजगार और शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसकी निगरानी करना आयोग की जिम्मेदारी है।

मंडला

उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय को स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, उचित मूल्य की दुकानों से राशन और शासन की योजनाओं का लाभ मिले इस उद्देश्य का जिला प्रशासन पूरी तरह पालन करें। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य गुरुवार को जिला योजना भवन में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री श्रेयांश कूमट, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र सिंह, निज सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग श्री प्रकाश उईके, श्री रंजीत सेन सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के स्कूलों का संचालन निर्धारित समय सीमा तक करें। निर्धारित समय से पूर्व स्कूल छोड़ने वाले या स्कूल नहीं जाने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि स्कूलों में बेहतर शिक्षा दें जिससे बच्चों का भविष्य बेहतर बन सके। जिले में संचालित आदिवासी छात्रावासों का संचालन बेहतर ढंग से करें। छात्रावासों का संचालन करने में लापरवाही बरतने वाले छात्रावास अधीक्षकों पर कड़ी कार्यवाही करें। अध्यक्ष अंतर आर्य ने बताया कि अनुसूचित जनजाति आयोग ने आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी के लिए सौ दिवसीय कार्ययोजना बनाई गई है। जिससे शासन की योजनाओं से आदिवासियों को मिल रहे लाभों की समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन युवा संवाद करें। इस संवाद कार्यक्रम में आदिवासी युवाओं को जोड़ें और उन्हें शासन की योजनाओं व कार्यों के बारे में जागरूक करें। जिससे वे आगे आकर शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आदिवासी अपने धर्म संस्कृति और परम्पराओं का पालन करते हैं। यह धरोहर उन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती है। जो आदिवासी समाज के लिए अनमोल है। उन्होंने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व आदिवासियों के रीति रिवाज और परंपराओं को खंडित करने का कार्य करता है तो उन पर कार्यवाही की जाए। जिससे आदिवासियों की रीति रिवाज और परंपराओं का संरक्षण हो सके। अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश वासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है। इसलिए सभी नागरिक विभाग संस्थ्याएं और समाज सेवी अनिवार्य रूप से एक फलदार पेड़ जरूर लगाएं और उसकी सुरक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी हैं। जिससे हमें पर्यावरण संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी सरकारी भूमि में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पेड़ जरूर लगाएं। ग्राम पंचायत द्वारा पेड़ लगाने के लिए नीम और करंज के पौधों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि मंडला आदिवासी बाहुल्य और शांत जिला है। मंडला जिले में शासन की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कर इसे आदर्श जिले के रूप में प्रस्तुत करें। उन्होंने इस अवसर पर वनाधिकार पट्टा वितरण के संबंध में समीक्षा की। लंबित वनाधिकार पट्टा का पुनः परीक्षण कर पट्टा वितरण करने के निर्देश दिए। जिससे पत्रताधारी लोगों को वनाधिकार पट्टा मिल सके। अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए समुचित प्रबंध किया जाए। इन क्षेत्रों में संक्रमण बिमारियां फैलने पर तत्काल उसका निदान करें। मैदानी अमले को अपने अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने को निर्देशित करें। जिससे संक्रमण बीमारियों को तत्काल नियंत्रित किया जा सके।

निज सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग प्रकाश उइके ने जिले में आयुष्मान कार्डधारी जनजाति हितग्राहियों और उनके उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पेसा मोबलाइजरों को पेसा एक्ट के दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए, उन्हें अन्यत्र कार्य न सौंपने को कहा। जनजातीय युवाओं को स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग में धारा 170 ख के तहत लम्बित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए एट्रोसिटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने को कहा। जिले में संचालित स्व सहायता समूहों के द्वारा एक लाख से अधिक आय अर्जित करने वाले 10 स्व सहायता समूहों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित करने के लिए समस्त हितग्राहियों के नाम जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विवाह योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही तथा रानी दुर्गावती और राजा शंकरशाह एवं रघुनाथशाह पुरूस्कार योजना के तहत लाभान्वित मेधावी छात्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जनजातियों के भूमि से संबंधित विवादित, अविवादित, नामांतरण के प्रकरणों के निपटारे के संबंध में जानकारी ली। आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री श्रेयांश कूमट ने जिले में अनुसूचित जनजातियों के लिए संचालित योजनाओं एवं जनजाति क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

जिला स्तरीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण के प्रथम बैच का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

मंडला

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की आवश्यकताओं को देखते हुए शैक्षिक गुणवत्ता एवं समावेश सुनिश्चित करने की दृष्टि से जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के एक-एक शिक्षकों का जिला स्तर का दो दिवसीय विकासखंड अनुसार प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े के निर्देशानुसार आयोजित हुआ इस प्रशिक्षण से ऐसा दृष्टिकोण सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक छात्र चाहे उनकी पृष्ठभूमि योग्यता या सीखने की आवश्यकता है कुछ भी हो शैक्षिक और सामाजिक विकास के लिए उन्हें समान अवसर मिले।

प्रशिक्षण से मनोवृति संबंधित दूर होगी बाधा

समाज की पारंपरिक मानसिकता भी समावेशी शिक्षा में बाधा है आम धारणा है, कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करना व्यर्थ है वे समाज और राष्ट्र के लिए कोई खास योगदान नहीं दे सकते इस भेदभावपूर्ण व्यवहार को दूर किया जा सकेगा। पाठ्यक्रम संबंधी बाधाएं दूर होगी,माता-पिता की सीमित भागीदारी को बढ़ाया जा सकेगा।। सांस्कृतिक और भाषाई बाधाएं भी दूर हो सकेंगी दिनांक 23 जुलाई से 24 जुलाई 2024 तक प्रत्येक हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल के एक-एक नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण दो दिवस का प्रदान किया गया राज्य से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर श्री सनातन प्रकाश सैनी एवं सुश्री अलका प्रजापति जी के द्वारा दो दिवस का प्रशिक्षण दिया गया, इसमें समावेशी शिक्षा , दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु अंग्रेजी अल्फाबेट, मूक कहानी,साइन लैंग्वेज के द्वारा,बातें करना,राष्ट्र गान ,कक्षा प्रबंधन,सहायक सामग्री का उपयोग,दिव्यांग अधिनियम 2016, NEP - 2020 के प्रावधान ,ICT,नवाचार एवं अन्य सारगर्भित बातों से अवगत कराया गया,इस प्रशिक्षण में मंडला जिले के,APC श्री के.के.उपाध्याय,APC जिला शिक्षा कार्यालय श्री एल.एस.मसराम , घाघा हाईस्कूल के प्राचार्य श्री सुभाष चतुर्वेदी , सहायक संचालक श्री एम . एस.सेंद्राम सर एवं सभी जनपद केंद्र के MRC श्री इरफान खान,श्री संदीप सोनी, श्री प्रशांत वैद्य जी की सक्रिय भूमिका रही एवं प्रशिक्षण के दौरान सभी आए हुए शिक्षक गणों को विभिन्न गतिविधियों के द्वारा प्रदर्शन भी किया गया, एवं बोर्ड द्वारा अपनाए गए शैक्षिक प्रावधान, दिव्यंगिता की श्रेणियां कक्षा प्रबंधन बड़ा मुक्त वातावरण आईसीटी सहायक सामग्री उपकरण से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं ब्रेल लिपि से संबंधित संज्ञान जिले के जनपद से आए हुए MRC के द्वारा की प्रदान किया गया प्रथम दो दिवस की कार्यशाला का समापन साइन लैंग्वेज द्वारा राष्ट्रगान के माध्यम से किया गया।। प्रशिक्षण के अंत मे अंकुश चौरसिया के द्वारा कक्षा 09 से 12 में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलने वाले सुविधा भत्ते एवं केन्द्रीय दिव्यांग छात्रवृत्ति के विषय में विस्तार से बताया गया।

थाना निवास पुलिस ने हत्या के मामले का किया खुलासा

निवास । घटना दिनांक 12/07/2024 को ग्राम धनगांव में मृतक धरमसिहं पिता भद्देलाल मार्को उम्र 52 साल नि. ग्राम भरद्धारा थाना निवास के साथ चैनसिंह उइके एवं नोहरसिंह उइके नि. ग्राम दुपटा के द्वारा दादुलाल सरेयाम नि. धनगांव के खेत में लाठी एवं पत्थर से मारपीट की गई थी, मारपीट से चोटे आने के कारण जिला चिकित्सालय मंडला में ईलाज के दौरान धरमसिंह मार्को की मृत्यु हो गई थी। जो मर्ग जांच पर से अपराध 156/2024 धारा 103(1), 332(B), 115(2), 296, 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 कायम कर

विवेचना में लिया गया है। थाना निवास पुलिस टीम द्वारा आरोपी चैनसिंह उइके एवं नोहरसिंह उइके निवासी ग्राम दुपटा थाना निवास जो घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहे थे की तलाश की जा रहीं थी। मामले में दोनो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अनुविभागीय अधिकारी निवास के निर्देशन में टीम गठित किया गया। साथ ही सायबर सेल को भी आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये गयें। मामले में थाना पुलिस टीम को विवेचना के दौरान प्राप्त जानकारी एवं सायबर सेल से प्राप्त तकनीकी तथ्यों के आधार पर थाना प्रभारी निवास निरीक्षक पी.के. मुवेल की नेतृत्व वाली टीम को चेन्नई भेजा गया। थाना निवास पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनो आरोपियों को चेन्नई से अभिरक्षा में लेकर आये, जिनसे पूछताछ की गई, जिन्होने जादु टोना के शक में मुन्नालाल, राजकुमार एवं धरम मार्को के साथ लाठी से मारपीट करना एवं मृतक धरम मार्को को मुन्नालाल के घर से खिंच के दादुलाल सरेयाम के खेत में ले जाकर लाठी डण्डे से मारपीट कर पत्थर पटक कर मारना बताया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज दिनांक को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा हैं।

सांसद कुलस्ते के प्रयास से जोधपुर में मृत विकास मार्को का शव मण्डला लाया गया

ग्राम अहमदपुर निवासी विकास मार्को की जोधपुर राजस्थान में संदिग्ध स्थिति में हुई थी मृत्यु

मण्डला

मण्डला विधानसभा के ग्राम अहमदपुर निवासी विकास मार्को पिता श्री विजय मार्को राजस्थान के जोधपुर पश्चिम में कार्य करने गया था लेकिन संदिग्ध स्थिति में उसकी मृत्यु हो गयी इस घटना की खबर परिजनों ने मण्डला सांसद पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते को दूरभाष पर देते हुए बताया कि मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है इस कारण से मृतक विकास का शव गांव तक लाने में असमर्थ हैं। श्री कुलस्ते ने घटना की सूचना मिलते ही जोधपुर पश्चिम क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक से घटना के संबंध में विस्तृत चर्चा कर प्रशासन के सहयोग से मृतक का शव एम्बुलेंस के द्वारा मृतक के गृह ग्राम तक पहुंचाने का आग्रह किया। जोधपुर के वासनी थाना एवं महाराजपुर थाना के समन्वय से तथा मृतक के रिश्तेदारों की उपस्थिति में शव को एम्बुलेंस के द्वारा ग्राम अहमदपुर पहुंचाया गया। मृतक के परिजनों ने सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

आगजनी और बलवा की घटना में शामिल 19 लोगों को अंजनियां पुलिस ने किया चिन्हित

अंजनिया/अंजनियां। विगत 16 जुलाई मंगलवार को अहमदपुर चौराहा में एक महिला दुर्गेश्वरी बल्को उम्र 22 वर्ष की मौत हो जाने के बाद भीड़ द्वारा घटना में शामिल ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 3646 को आग के हवाले कर दिया गया था।इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर की थी। पुलिस चौकी प्रभारी लाखन सिंह राजपूत ने बताया कि भीड़ द्वारा शासकीय संपति को नुकसान पहुंचाने, शासकीय कर्मचारियों -अधिकारियों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने एवं पुलिस अभिरक्षा में ट्रक को जलाने का मामला अंजनियां पुलिस द्वारा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।इस मामले में 19 लोगों को पहचान कर अब तक नामजद आरोपी बनाया गया है।पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे तथा अन्य माध्यमों से घटना में शामिल अन्य आरोपियों को चिन्हित करने का काम लगातार किया जा रहा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद अपराध क्रमांक 379/24 धारा 190,191(1),189(3),195,121(1),132,326,324(5),126(2) दर्ज कर घटना में शामिल अंजनियां निवासी 5 ,मेढ़ाताल निवासी 12 ,खामटीपुर निवासी 1एवं मगधा निवासी 1 व्यक्ति को प्रकरण में चिन्हित कर आरोपी बनाया गया है तथा उनके अन्य साथियों को भी पुलिस चिन्हित कर रही है।उन्होंने बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इनका कहना है

घटना में शामिल आरोपियों में से 19 लोगों की पहचान की जा चुकी है। सभी आरोपी के खिलाफ पुलिस कठोर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

काम्बेट टीम के सदस्य हर घर तक पहुंचें

वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में प्रभारी कलेक्टर के निर्देश

मंडला

सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर गठित समिति क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें तथा विकासखंड स्तरीय काम्बेट टीम के सतत संपर्क में रहें।

ग्राम समिति के सदस्य हर घर तक पहुंचें तथा उल्टी, दस्त से संबंधित कोई भी प्रकरण मिलने पर तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें। लोगों को खाने पीने में सावधानी बरतने की सलाह दें। इस संबंध में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव आदि का भी सहयोग प्राप्त करें। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, सीएमएचओ डॉ. के.सी. सरौते, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद, बीएमओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी विभागों के जिलाधिकारी शुक्रवार को क्षेत्र का भ्रमण करते हुए ग्राम समिति तथा काम्बेट टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करें। स्कूल, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में दिए जा रहे पानी तथा भोजन में अत्यधिक सावधानी बरतें। पीएचई के अधिकारी, कर्मचारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करें तथा प्रत्येक गांव-टोला तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही जल स्त्रोतों का उपचार करें। उन्होंने दवाईयों तथा ओआरएस वितरण आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

क्षतिग्रस्त पुल तथा सड़कों में सुधार करें

प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि बारिश के कारण सड़कों में हुए गड्ढ़ों को तत्काल ठीक कराएं। इसी प्रकार बाढ़ के कारण पुल पुलियों में हुई क्षति में भी सुधार के कार्य कराएं। बाढ़ की स्थिति में पुल डूबने पर आवश्यकतानुसार मार्ग परिवर्तित करते हुए आमजन तक सूचना पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बांधों से छोड़े जा रहे पानी की पूर्व सूचना भी प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बारिश तथा बाढ़ से हुए नुकसान के प्रकरणों में तत्काल नियमानुसार राहत प्रदान करने की कार्यवाही करें।

राजस्व अभिलेखों को त्रुटिरहित बनाएं

राजस्व महाभियान की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि 30 जून की स्थिति में लम्बित नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के सभी प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। नक्शा सहित राजस्व के अन्य अभिलेखों में नियमानुसार सुधार की कार्यवाही करते हुए अभिलेखों को त्रुटिरहित बनाएं। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निराकृत राजस्व प्रकरणों की जानकारी आरसीएमएस पोर्टल पर अंकित करें।

सब्जी विक्रेता मौत के मुंह में बैठकर चला रहे अपनी दुकानदारी

दुकानों पर अन्य लोगों द्वारा किये गये कब्जे को लेकर प्रशासन की भूमिका पर खड़े हो रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर की सुन्दर बनाने से लेकर आम लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नगर पालिका द्वारा नगर के विकास में कोई कसर छोड़ी जा रही हो? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर की संपत्ति पर जिस प्रकार से अन्य व अपात्र लोगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है उसके चलते उसके सही हकदार माने जाने वाले लोगों को लाभ नही मिल पाने के कारण उन्हें परेशान होते हुए आसानी से देखा जा सकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर पालिका के अंतर्गत जहां तहां स्थापित काम्लेक्सों के साथ साथ सब्जी बाजारों में देखने मिल रही है । जहां पर नगर पालिका द्वारा बनाये गये इन काम्पलेक्सों पर इस प्रकार के लोगों द्वारा अपना कब्जा जमा लिया गया है जिसके चलते उन वास्तिक हकदारों को लाभ नही मिल पा रहा है जिसके चलते वह इन काम्पलेक्सों का लाभ लेते हुए अपनी रोजी रोटी कमा सके। यदि नगर पालिका के काम्पलेक्सों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक प्रभावशालियों द्वारा इन काम्पलेक्सों को अपना नाम कराते हुए उन्हें अन्य लोगों को किराय पर देकर जहां मनमानी राशि बसूलते हुए खुद मालामाल हो रहे है जबकि अनेक लोगों द्वारा बीते हुए लम्बे समय से इन काम्लेक्सों का नगर पालिका में अभी तक किराया नही भरने के कारण बाकी निकल रहा है? इतना ही नही अनेक लोगो द्वारा तो नियम विरूद्व इन काम्पलेक्सों की दुकानों में तोड फोड करते हुए उनके वास्तविक रूप के साथ तक खिलबाड़ करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही कुछ काम्पलेक्सों की दुकानों में तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह खाली पड़ी होने के कारण लोगों द्वारा मनमाफिक अपना कब्जा जमाने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है जिसके चलते नपा को राजस्व की हानि होते हुए दिखाई दे रही है। जबकि काम्पलेक्सों के नियम के अनुसार तो यह बताया जाता है कि जिस व्यक्ति द्वारा जिस काम्पलेक्स में दुकान नपा से किराय से ली गई है वही व्यक्ति दुकान का संचालन कर सकता है किराय से देना या फिर किसी भी प्रकार की तोड़ फोड करना नियम विरूद्व माना जाता है। मगर इसके बाद भी नगर के काम्पलेक्सों की अनेक दुकानों को नियम विरूद्व किरायदार टू किरायदार स्थिति में संचालित होते हुए देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चीचली की ओर जाने वाले क्षेत्र की देखने मिल रही है। जहां पर सब्जी दुकानदारों के लिए बनाई गई दुकानों में अन्य व्यक्तियों द्वारा नियम विरूद्व कब्जा जमाने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है जिसके चलते देखा जा रहा है कि यहां पर सब्जी दुकानदार अपनी जान को खतरे में डालते हुए सड़क किनारे बैठने के लिए मजबूर देखे जा रहे है वही उस सब्जी मार्केट की दुकानों पर प्रभावशाली अपना कब्जा जमाये बैठे हुए है? जबकि यहां की सच्चाई पर गौर किया जावे तो स्टेशन के पास चीचली मार्ग पर लगने वाले इस सब्जी बाजार के चलते आये दिन यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होते हुए देखी जा रही है, जिसको सुधारने के संबंध में जब तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डी एस भदौरिया द्वारा जब नगर में प्रथम आगमन हुआ था तो उनके द्वारा इस प्रकार से यहां पर पैदा होने वाली यातायात समस्या के निदान को लेकर सख्त आदेश जारी किये गये थें। मगर इसके बाद भी यहां पर लगने वाले प्रति सोमवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान अभी भी लोगों को परेशान होते हुए देखा जा रहा है और न ही वर्तमान में बैठे हुये पुलिस अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है? इस साप्ताहिक बाजार में बाहर से अपनी सब्जी सहित अन्य दुकान लेकर आने वाले दुकानदार जिस प्रकार से सड़क किनारे अपनी दुकान लगाते हुए बैठ जाते है जिसके चलते यहां से निकलने वाले वाहनों के कारण इन दुकानदारों की जान को खतरा पैदा तो होता ही है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही रहती है वही दूसरी ओर वाहन चालकों के लिए भी परेशानियों से जूझते हुए देखा जाता है। यदि इन दुकानदारों को नपा द्वारा बनाई गई इन छोटी दुकानों पर जगह उपलब्ध करा दी जावे तो निश्चित ही जहां यातायात की समस्या से निदान पाया जा सकता है? मगर पता नही नपा द्वारा निर्मित की गई इन दुकानों पर कुछ लोगों द्वारा किसकी अनुमति से कब्जा जमा लिया गया है जिसके चलते सब्जी दुकानदारों को यह दुकान उपलब्ध नही हो पा रही है? यदि इन दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां अनेक दुकानों पर मांसाहारी व अन्य प्रकार की सामग्री तक बिकते हुए देखी जा रही है जिसके चलते इस प्रकार से मांसाहारी होटल के संचालन के कारण सबसे अधिक प्रभावित उन स्कूली बच्चों को होते हुये देखा जा रहा है परेशानी का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि वह प्रतिदिन यहां पर मांस को विक्रय होते हुए देखते है? जबकि नियम अनुसार किसी भी शासकीय शिक्षण संस्था या फिर मंदिर तथा रहवासी क्षेत्रों में इस प्रकार से मांसाहारी होटलों का संचालन नियम विरूद्व माना जाता है, मगर इस ओर किसी के द्वारा ध्यान ही नही दिये जाने का परिणाम है कि अब इन दुकानों पर लगातार कब्जा होते हुए दिखाई देने लगा है?

खबर संक्षेप

प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री आज और कल रहेंगे क्षेत्र के दौरे पर

गाडरवारा। जन संपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह आ शुक्रवार 26 जुलाई व कल शनिवार 27 जुलाई को गाडरवारा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार राव उदय प्रताप सिंह आज दिन शुक्रवार 26 जुलाई को प्रातः 8 बजे गाडरवारा के पलोटन गंज में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित मेराथन दौड़ में भाग लेंगे। इसके बाद यहां उनका समय आरक्षित रखा गया है। इसके पश्चात दोपहर दो बजे सालीचौका में स्थानीय



कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात रात्रि 8 बजे वह अपने गृह निवासी ग्राम लोलरी पहुंचेगे यहां उनका समय आरक्षित रखा गया है और यहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। वही दूसरे दिन यानि की कल शनिवार 27 जुलाई को प्रातः 11 बजे ग्राम लोलरी से गाडरवारा के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे गाडरवारा आयेंगे और यहां एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर एक बजे गाडरवारा से नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। तदुपरांत मंत्री उदय प्रताप सिंह दोपहर दो बजे नरसिंहपुर आयेंगे और कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ शिक्षा एवं परिवहन विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे।

अशासकीय शालाओं का राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण प्रशिक्षण सम्पन्न

चीचली। विकासखंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में सभी अशासकीय विद्यालयों के प्रधान पाठको सहित स्कूल संचालको की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी एवं विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटैल द्वारा अशासकीय विद्यालयों के प्रभारियों को नवीन सत्र में शाला संचालन, परिवहन व्यवस्था, मान्य पाठ्य पुस्तकों के उपयोग, नर्सरी तथा पहली के नामांकन, मैपिंग तथा यू डाइस के संबंध में विस्तृत निर्देश देते हुये उनके द्वारा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण से संबंधित ओलंपियाड प्रश्न बैंकों के उपयोग, स्वयं सिद्धि चैट बोट , विश्लेषण प्रपत्र, लर्निंग आउटकम तथा टीएलएम माध्यम से शैक्षणिक कार्य करने के सुझाव दिए गए। इस बैठक में विकास खंड अकादमिक समन्वयक अरुण दुबे, एमआईएस कोआर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव सहित सभी अशासकीय शालाओ के संस्था प्रभारी ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी। यह प्रशिक्षण जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशन एवम मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर माह में होने वाले राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के लिए विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटैल को प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार माध्यमिक शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय चीचली को सहप्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

डीपीसी ने किया स्कूलों एवं छात्रावास का निरीक्षण

गाडरवारा। जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी डॉ आर पी चतुर्वेदी ने बीते हुये दिवस गाडरवारा में शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला, टाउन प्राथमिक शाला एवं बालिका छात्रावास आमगांव छोटा का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

शास्त्री का निधन

सांईखेड़ा। नर्मदा अंचल के श्रेष्ठ कर्मकांडी व मानस प्रवक्ता के रूप में जाने पहचाने जाने वाले राजेन्द्र शास्त्री का बीते हुये दिवस अचानक हृदयगति रूक जाने के कारण निधन हो गया। बताया जाता है कि स्व. शास्त्री का नर्मदा तट वौरास घाट पर किये गये अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्र के अनेक लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्वा सुमन अर्पित किये।

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते आस्तित्व खोते चली जा रही है दूर संचार सेवा

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। दूर संचार के क्षेत्र में जहां एक ओर निजी कंपनियों द्वारा अपने ग्राहको को नई नई सौगाते प्रदान करने में लगी हुई है, वही दूसरी ओर भारत की सबसे बड़ी दूसर संचार कंपनी में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते दूर संचार सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना अस्तित्व खोते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि जब किसी भी उपभोक्ता का फोन खराब हो जाता है और वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए उसके सुधार की गुहार लगाता है तो गाडरवारा क्षेत्र में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों द्वारा उसके उपकरण में सुधार की बात तो दूर उनकी समस्याओं के निराकरण की ओर ध्यान ही नही दिया जाता है जिसके चलते जहां एक ओर लोगों का देश की सबसे बड़ी दूर संचाकर कंपनी से लोगों का भरोसा उठाता चला जा रहा है? वही इस विभाग में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों की कार्य प्रणाली से यह जान पड़ रहा है कि शायद उनके द्वारा निजी कंपनियो को लाभ दिलाने की सोच के चलते इस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है? क्योंकि बीते हुए कुछ माहिनों से देखा जा रहा है कि गाडरवारा व सांईखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की दूर संचार सेवा पूर्ण रूप से पटरी से उतरते हुये देखे जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान देना उचित नही समझ रहे है, ध्यान ही नही दिया जा रहा है, जिसके चलते यह सेवा बदहाली की ओर अपना कदम बढ़ाने से नही चूक रही है? जबकि गौर किया जावे तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस समय देश को डिजीटल बनाने की सोच के साथ कार्य कर रहे है, वही दूसरी ओर केन्द्र की सबसे महतत्व पूर्ण सेवा गाडरवारा क्षेत्र में अधिकारियों की मनमानी व उदासीनता के चलते पटरी से उतरने से नही चूक पा रही है। इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा दूर संचार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा, सालीचौका, गोटीटोरिया, बनवारी सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में देखी जा रही है जहां पर लोगों के घरों में लगे हुये टेलीफोन बीते हुए काफी समय से बंद पड़े हुये है या फिर चालू है तो उनमें कही फोन लगाया जाता है तो अन्य कही लग जाता है, वही इंटरनेट सेवा का तो यह हाल है कि चलते चलते अचानक सरर्वर डाउन हो जाने की स्थिति में जहां लोगों के जरूर काम रूक जाते है जिसके चलते उन्हें घंटो तक इंतजार करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है, इस स्थिति में चलते निश्चित ही लोगों का रूझान अन्य दूसरी निजी सेवाओं की ओर बढ़ने से नही चूक पा रहा है।

भगवान कथा के चलते लिलवानी हुआ भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन, नफरत हमेशा बुरे विचारों व बुरे कर्मों से करना चाहिए ..पं. कैलाशाचार्य

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समीपस्थ ग्राम लिलवानी के खेरापति माता मंदिर के पास ग्राम लिलवानी के ममार परिवार द्वारा आयोजित कराये जा रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में रहली से पधारे हुये मुख्य वक्ता पंडित कैलाशाचार्य के मुखार बिंद चल रहे 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत के आयोजन में प्रतिदिन भक्ति रस की गंगा बह रही है जिसमे ग्राम लिलवानी सहित आसपास के गांवों से आ रहे धर्मप्रेमी श्रद्धालुओ भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन होने से संपूर्ण गांव धर्ममय होते हुये देखा जा रहा है। वही कथा के तीसरे दिवस आयोजन में महा मंडलेश्वर महाराज का आगमन हुआ जिनकी आयोजक रामेश्वर ममार सहित परिवाजनों द्वारा पूजन आरती करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया। वही भागवत भगवान की आरती के बाद कथा वाचक पं. कैलाशाचार्य महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि जीवन मे श्रीमद भागवत कथा का बड़ा ही महत्त्व है और यही कथा है कि मानव जीवन की नैया को पार लगाती है। यह बात अलग है कि सभी लोग अलग अलग उद्देश्य से कथा गाते हैं । मगर कथाओं की बदौलत ही हम सभी राम एवं श्याम की ओर लौटे हैं। कथाओं के श्रवण से ही जीवन मे अच्छी बातों एवं संस्कारो को आत्मसात करने का अवसर मिलता है। इस दौरान उन्होंने कथा में कहा कि जीवन मे जब मानव का चरित्र एवं विचार खराब हो जाते हैं तब दैवीय प्रकोप आते है। क्योंकि व्यक्तियों द्वारा किये गए कुकर्मों से उनके शुभकर्मों का फल उन्हें दिखाई नही देता और जब दिखाई देना शुरू होता है तो काफी देर हो चुकी होती है, लोगों द्वारा किये जा रहे इतने व्रत एवं उपवास के बाद भी हमारा पुण्य कहाँ जा रहा है ये हमे पता ही नही चलता। हम सुख के बीज कम बोते है। इसीलिए तो हमे आसानी से सुख नही दिखता। क्योंकि सुख के बीज बोने के लिये भगवान के प्रति सच्ची श्रद्वा चाहिये, मगर लोग श्रद्वा की जगह दिखाबा अधिक करते है। क्योंकि भगवान को दिखाबे से प्राप्त नही किया जा सकता है उसे प्राप्त करना है तो श्रद्वा होना चाहिये। इस युग मे धर्म, सुख, आनंद के बीज बोने वाला व्यक्ति उसी की फसल काटेगा। जीवन मे हमें नफरत हमेशा बुरे विचारों एवं बुरे कर्मों से करना चाहिए। अहंकार से हमें सदैव दूर रहना चाहिए। रावण के अहंकार से ही उसके पुत्रों का नाश हो गया था। रावण को सभी ने बहुत समझाया लेकिन वह नही माना। हम अपने बच्चों को भी ये शिक्षा दें कि वे अहंकार से दूर रहें। हमारा ईश्वर के प्रति सच्चा भक्तिभाव होना चाहिए । कथा वाचक कैलाशाचार्य महाराज द्वारा राजा परीक्षित और सुखदेव की कथा का वर्णन सुनाते हुये कहा कि महाराज ने बताया कि राजा परीक्षित भागवत कथा सुनने के लिए भगवान वासुदेव की आराधना की जिसके बाद भगवान के आशीर्वाद से सुखदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा का श्रवण हुआ। क्योंकि इस भागवत कथा में मनुष्य को हर प्रकार की जानकारी मिलती है। इस दौरान उन्होने बताया कि जब इस सृष्टि की रचना हुई थी तो सभी वर्ग के लिय अपने अपने दायित्व सौपे गये थें और कहा गया था कि धर्म की रक्षा करने की जिम्मेदारी तुम्हारी है। मगर वह अपने दायित्यों के विपरित नजर आ रे है। ब्राह्मण को अच्छी वाणी जग कल्याण के लिए बोलना चाहिए। क्षत्रिय को अपने देश की रक्षा के लिए होना चाहिए और वैश्य को सभी मनुष्यों का पेट चलाने के लिए होना चाहिए और शूद्र सेवा करने के लिए होना चाहिए। लेकिन आज के कलयुग में इसके विपरीत हो गए हैं। कथा वाचक महाराज ने बताया कि किसी साधु का अपमान नहीं करना। हर व्यक्ति संकट में सभी साथ छोड़ देते है। उस समय गुरुदेव ही रक्षा करते हैं। इसलिये कभी भी अपने गुरू का अपमान नही करना चाहिये। वही दूसरी ओर भागवत कथा पुराण के साथ प्रतिदिन चल रहे रूद्री निर्माण के दौरान भारी मात्रा में महिला पुरूष शामिल होकर शिवलिंग निर्माण करते हुये उनका अभिषेख करते हुये पुण्य लाभ लेने के लिये हुजूम उमड़ते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि श्रावण मास के दौरान शिवलिंग निर्माण करने के बाद उनका अभिषेख करना काफी पुण्य दायक माना जाता है और लोग हर साल अपने घरों में शिवलिंग निर्माण करते हुये उनका पूजन करते है। मगर वह कार्य ग्राम लिलवानी वालों को एक साथ बैठकर कथा के बीच करने का जो सौभाग्य मिला है। वह निश्चित तौर धर्म की गंगा का संगम बनाने से नही चूक रहा है।

शहर में लगातार बढ़ रही अनेक रूप रंग व वेशभूषा वाले भिखारियों की भीड़ को लेकर पुलिस बनी अनजान, दिन भर नगर में भ्रमण करने के बाद शाम के वक्त यह लोग कहा रहते है किसी को नहीं पता ?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

इस समय नगर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बाहरी लोग अपना डेरा जमाते हुए आये दिन किसी ने किसी कृत्य को अंजाम देते हुए देखे जा रहे है इस बात को लेकर लोगों में दहशत की स्थिति देखने मिल रही है? मगर इस बात को न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता पूर्वक लेते हुए दिखाई पड़ रहा है और नही अन्य कोई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जिससे नगरवासी इन बाहरी लोगों की नगर में लगातार बढ़ रही फौज के चलते अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो पूर्व के समय में पुलिस द्वारा चोरी सहित अन्य घटनाओं में पकड़े गये अनेक आरोपियों में बाहरी लोग ही शामिल थें जो दिन भर नगर में भ्रमण करते हुए रात को घटनाओं को अंजाम देने के बाद गायब हो जाते रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुनः नगर में दिखाई पड़ रही है जिसके चलते अनेक भेषों में जिस प्रकार से नगर की सड़को पर अनजान चेहरे दिखाई दे रहे है यदि उन लोगों के संबंध में सच्चाई का पता किया जावे तो यह जानकारी शायद ही पुलिस के पास भी उपलब्ध रहती हो..? इस प्रकार से नगर में चारो ओर अनजान बाहरी लोगों के डेरे जमे हुए दिखाई देने वालों में आये दिन बढ़ोत्तरी होते दिखाई देने लगी है। मगर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन अनजान बनना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक महिलाएं जहां नगर की सड़कों अपने मासूम बच्चों को लेकर भीख मांगते हुए देखी जा रही है उनके बारे में शायद ही किसी को इस बात का पता नही है कि आखिर में यह रहने वाली कहा की है और यहां पर भीख मांगने के लिए कैसे पहुंच रही है जो दिन भर नगर के भ्रमण करने के बाद रात के समय अचानक गायब हो जाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में भीख सहित अन्य कार्यो में लगे हुए किशोरों से लेकर मासूम बच्चों की दिखाई पड़ रहा है। जबकि यदि शहर क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति नजर आता है कि सबसे पहले पुलिस को उसके संबंध में संपूर्ण जानकारी एकत्र करते हुए थाने में पूरा उसका वायोडाटा जमा करना चाहिए मगर ऐसा होते हुए दिखाई ही नही पड़ रहा है जिसके चलते क्षेत्र में लगातार अनेक अपराधिक घटनाएं घटित होते हुए दिखाई पड़ रही है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर पिछले कुछ समय से अनेक महिलाएं और बच्चें कटोरानुमा पात्र में आराध्य देवी देवताओ की मूर्तियां रखकर भीख मांगाते हुए दिखाई देने से भी नही चूक रही है जो अपने साथ तीन तीन मासूम बच्चों को रखे हुये उनके भूखा होने के नाम पर लोगों के घरों के दरबाजे या फिर दुकानों के सामने खड़ी हुई आये दिन आने से नही चूक रही है। इस प्रकार से इनका भीख मांगने के इनके इस नये तरीके से आमजन मानस आहत हो रहा है? वही दूसरी ओर आम जनता को भी भावनात्मक एवं धार्मिक रूप से ठेस पहुंचते हुए जान पड़ रही है, जिसका लाभ कतिपय भीख मांगने वाले

लोग उठा रहे है। क्योंकि स्थानीय बस स्टैंड तथा नगर के मुख्य बाजारो सहित विभिन्न स्थलों से लेकर नगर की कालोनियों व कुलियों में उक्त महिलाओं और बच्चो का रोजाना जमावड़ा लगा रहता है जो घुम घुमकर दुकानों तथा यात्रियों को मूर्तियां दिखाकर पैसे की मांग करते है। यह सिलसिला पिछले कुछ माहों से बदस्तूर जारी है जो शरीरिक तौर पर तंदरूरत उक्त महिलाओं और बच्चों द्वारा एक ही स्थान पर महीनो से भीख मांगना लोगो को आर्थिक और धार्मिक तौर पर आहत कर रहा है। अक्सर देखा जाता है कि इन लोगों द्वारा देवी देवताओं की आड़ में शहरों से लेकर गांवो में घुम घुमकर जिस तरह से भीख मांगने का कार्य किया जा रहा है, उससे जहां आम लोग परेशान तो हो ही रहे है साथ ही साथ नगर की सुरक्षा पर भी सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि नगर में पूर्व के समय में घटित हुई घटनाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर की नई गल्ला मंडी बैंक से पैसों से भरा हुआ बैग गायब हुआ था उसमें भी एक नाबांलिग लकड़ा के शामिल होने की सच्चाइ्र सामने आयी थी, इसके आलवा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शादी समारोहों में घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं में भी गुप्त केमरों में इस प्रकार से नाबांलिग बच्चों की फोटो सामने आ चुकी है? मगर इसके बाद भी पुलिस की उदासीनता जिस प्रकार से देखी जा रही है वह निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजगार करने से नही चूक पा रही है? जबकि नियम के अनुसार तो पुलिस प्रशासन को इस प्रकार से नगर में तथा कथित भीख मांगने के कार्य में लगे हुए अनजान बाहरी महिलाओ और बच्चों के संबंध में पूछ परख करना चाहिये कि वह कौन है कहां के रहना बाले है, इसके बाद भी शहर में रूकना देना चाहिये, मगर ऐसा होते हुये कही भी दिखाई नही देने स्से नगर में लगातार दहशत की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रही है।

आखिरकार पंचायतों में जनप्रतिनिधि बनते ही क्यों बदल जाते है उनके तेवर?

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। वर्तमान परिवेश यदि ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों में पंचायत स्तर के प्रमुख माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों की बात करे तो निश्चित ही जनप्रतिनिधि बनने के बाद जिस प्रकार से चंद वर्षो के बाद उनके परिवेश में बेतहाशा बदलाब देखने को मिल रहा है उससे पंचायतों में आम जनता का विकास होने की जगह उनके विकास की सच्चाई उजागर होने से नही बच पा रही है? यदि इनकी सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों के पंचायत जनप्रतिनिधि जो खेतों में हल जोतने के आलवा दिन भर मेहनत मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते हुए देखे जाते थें जिन्हें बीते हुये पांच वर्ष पहले जिस तरह से पंचायत स्तर पर जब प्रतिनिधि की कुर्सी मिलने के बाद उन ग्रामों के पंचयात स्तर या फिर अन्य प्रमुख पदो पर पहुंचतें ही कायाकल्प हो जाती है? क्योंकि वह पहले जहां कच्चे खपरैल वाले मकानों में रहने से लेकर दूर दराज के गांवों तक जाने के लिए वाहन के नाम पर मात्र एक मामूली से साईकिल पर ही आश्रित रहतें थें वह आज चंद वर्षो में ही अपनी खेती बाड़ी में प्रकृति की मार झेलते हुए उनके दिन जिस प्रकार से बदले हुए दिखाई दे रहे है जो सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उनकी आये की सच्चाई को जांच करने की ओर संकेत देने से नही चूक पा रही है? क्योंकि अनेक पंचायतों में देखा गया था कि जहां वह शुरूआती तौर में साईकिलों के माध्यम से अपनी जीविका चला रहे थें मगर वह वह दो पाहिया गाड़ी तो छोटी बात है चार पहिया चमचमाती गाडी घर के सामने खड़ी हुई दिखाई देने से नही चूक पा रही है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीणो के हित के लिए कई योजनाएं व सुविधा मुहैया कराई जाती है जिसका लाभ शायद उन पात्र हितग्राहियों की जगह कही और जाते हुए दिखाई दे रहा है और शायद इसी का परिणाम है कि इन पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों के आये दिन सुख सुविधा के साधन बदल रहे है? इस संबंध में जब ग्रामीण क्षेत्रो का रूख करते है तो खुलेआम ग्रामीणों द्वारा कहा जाता है कि सरपंच जी से हमारे प्रारम्भ से ही घरेलू संबंध थें किन्तु उनके पंचायत के जनप्रतिनिधि बनतें ही श्रीमान जी के तेवर कुछ बदल से गए? वही जिन पंचयतों में महिला जनप्रतिनिधि है ।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

डिंडौरी। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने आज जिला चिकित्सारलय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रसव उपरांत भर्ती मरीजों के वार्ड, शिशु वार्ड, पंजीयन कक्ष, ओपीडी आदि कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्तो कक्षों मे किए जा रहे रिकार्ड संधारण एवं साफ- सफाई, ब्लकड स्टोनर, एवं दवाईयों एवं उपकरणों की उपलब्ध्ता, ब्ल ड बैंक में की जा रही समस्ती जॉचों, मरीजों को मिल रही स्वायस्थं सेवाओं एवं भोजन की मरीजों एवं उनके परिजनों से जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला बाढ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

डिंडौरी। जिले में बाढ आपदा से निपटने के लिए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के भू-तल कक्ष क्रमांक 25 में जिला बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला बाढ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्र. 07644-234600 है। जिला बाढ नियंत्रण प्रभारी डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक द्वारा तत्संबंध में पत्र जारी कर आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए बाढ नियंत्रण कक्ष में अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के मुताबिक बाढ नियंत्रण कक्ष में निर्धारित समय अनुसार प्रथम पाली में सहायक राजस्व निरीक्षक घनश्याम बनवासी और भृत्य कन्हैया यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार से दूसरी पाली में पटवारी श्रीमती हाशमी बेगम और घनश्याम बड़कडे, तीसरी पाली में मानचित्रकार रमेश इरपाची और भृत्य प्रेम सिंह मरावी, चैथी पाली में मानचित्रकार महादेव सिंह मरावी और भृत्य अनिल कुमार नामदेव की ड्यूटी लगाई गई है। जिला बाढ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख नारायण प्रसाद कुशराम मो. 9926303558 को बनाया गया है।

राजस्व विभाग के कदाचरण पर आयुक्त की कार्यवाही प्रशंसनीय

अनूपपुर। शहडोल संभाग में राजस्व विभाग के भर्रेशाही तानाशाही व अवैधानिक कृत्यो से भाजपा सरकार की छवि खराब हो रही है, जिस पर मप्र सरकार ने राजस्व अभियान चलाकर कृषको व भूमि स्वामियों का समय-सीमा में नामांतरण, फौती, बंटनवाटा, सीमांकन व रिकार्ड दुरूस्तगी के लिए जमीनी स्तर पर आयुक्त शहडोल श्री जामोद के औचक निरीक्षण व कार्यवाही से राजस्व विभाग के तहसील स्तर पर प्रकरणों में अनेक अनियमितता-धांधली उजागर हुआ है, साथ ही जैतहरी तहसील में सैकड़ो प्रकरण जो अनेक वर्षों से प्रचलन में है किन्तु प्रकरण पंजीकृत नहीं है ऐसी भर्रेशाही व स्वेच्छाचारिता उजागर हुई है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने व मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव राजस्व व आयुक्त शहडोल को पत्र लिखकर अनूपपुर जिले के तहसीलो की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए जैतहरी तहसील में धांधली की शिकायत किया था। भाजपा नेता श्री गुप्ता ने कहा कि शहडोल संभागायुक्त श्री जामोद ने आकस्मिक निरीक्षण कर तत्कालीन नायब तहसीलदार धनीराम सिंह व रीडर सतीश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर अत्यंत प्रशंसनीय कदम उठाया है, आयुक्त ने पूर्व में जयसिंहनगर में भी त्वरित निर्णय व कार्यवाही सुनिश्चित कर संभाग में प्रशासनिक सुचिता व जनहित में सक्षम कार्यवाही व निर्णय निश्चित ही राजस्व अभियान में मील का पत्थर साबित होगा।

जिले में 15.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 15.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 14.6, बिजुरी में 9.6, जैतहरी में 13, वेंकटनगर में 8, पुष्पराजगढ़ में 15, अमरकंटक में 44.3 तथा बेनीबारी में 15.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

जिला पंचायत में धूल खा रहा

जिला परियोजना प्रबंधक का स्थानांतरण आदेश..?

जिला परियोजना प्रबंधक मीना परते को तत्काल कार्यमुक्त करने के दिये थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक के पद पर लम्बे समय से पदस्थ रहीं सुश्री मीना परते का डिंडौरी से नरसिंहपुर हेतु स्थानांतरण दिनांक 13.10.2023 को उप सचिव, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का आदेश क्र. 12117 व विशेष सहायक, मंत्री कार्यालय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का पत्र दिनांक 19.06.2024 के संदर्भ में अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ने अपने पत्र दिनांक 04.07.24 को सुश्री मीना परते, जिला परियोजना प्रबंधक को कार्यमुक्त करने जारी किया था। वही यह भी वर्णित किया था की सुश्री मीना परते, जिला परियोजना प्रबंधक की अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समक्ष सुनवाई उपरांत अपील अमान्य करते हुए सुश्री परते का जिला डिण्डौरी से जिला नरसिंहपुर किया गया स्थानांतरण निरंतर रखा गया है। उसके बाद भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी ने जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को आदेश जारी होने के 20 दिन बाद भी भार मुक्त नहीं किया तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा अध्यक्ष जिला पंचायत एवं कलेक्टर जिला डिंडौरी के आश्वासन को भी दरकिनार करते हुए स्वेक्षा चरिता बरती जा रही है ।

इनका कहना है

हमारे यहाँ से पत्र जारी किया गया है लेकिन जिला प्रशासन ने अभी तक कार्यमुक्त क्यों नहीं किया है इसकी जानकारी लेनी पड़ेगी ।

संजीव सिन्हा, अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के विद्यार्थियों का किया गया मार्गदर्शन

कृषकों के बीच रहकर खेती सीखेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि महाविद्यालय से आये 32 ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के छात्र । कार्यक्रम डॉ पी एल अंबुलकर के मार्गदर्शन में एवं रावे प्रभारी डॉ गीता सिंह,वैज्ञानिक कृषि विस्तार के निर्देशन में संपन्न किया जा रहा है । इस अवसर पर कृषि कॉलेज जबलपुर से डॉ विकास गुप्ता एवं डॉ अमित श्रीवास्तव का आगमन हुआ। गीता सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कृषि विज्ञान केंद्र में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव लेने हेतु कृषि की पढ़ाई कर बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्रों का आगमन हुआ है। ये छात्र कृषकों के बीच रहकर करके सीखेंगे और देखकर विश्वास करने की विस्तार के आधारभूत सिद्धांत को फलीभूत करेंगे। डिंडोरी जिले के विकासखण्ड अमरपुर के आस पास के गाँवों जेसे खजरी, चटिया,चांदपुर तथा डिंडोरी विकासखंड के इमलई एवं रहंगी के ग्रामो के कृषक आवंटित किए जायेंगे जिनके साथ विद्यार्थी खेती किसानी की सभी गतिविधियों में भाग लेकर सीखेंगे और सिखाएंगे। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ पीएल अंबुलकर, डॉ सत्येंद्र कुमार, श्रीमती रेणु पाठक एवं कुमारी श्वेता मसराम सम्मिलित हुए एवं छात्रों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए । सभी को पत्रिका जवाहर कृषि संदेश का वितरण भी किया गया ।

सट्टे के मकड़जाल में फंस रहे लोग दे रहे किस्मत को दोष

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों जुआ, सट्टा का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। अपराध की श्रेणी वाले इस खेल से नगर में चोरी की वारदात में इजाफा हुआ है। नगर में हो रहे चोरी की वारदात से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है।

लेकिन अब नगर के चारों ओर शाम ढ़लते ही सट्टा खिलाड़ी दांव लगाने एकत्र हुए रहते है। लोगों का कहना है कि यहां अनैतिक कार्यो में बढ़ोत्तरी हुआ है। डिंडोरी जिला के शहपुरा ब्लॉक में इन दिनों जुआ, सट्टे का कारोबार बैखोफ संचालित हो रहा है, जहां एक ओर पुलिस अधीक्षक द्वारा समय-समय पर मीटिंग लेकर जिले में चल रहे अवैध जुआ व सट्टे के कारोबार को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए जाते रहते है। इसके बाद भी शहपुरा नगर व उसके आस पास पुलिस के नाक के नीचे यह खेल बदस्तूर जारी है। जिससे आए दिनों चोरी, डकैती जैसी घटना आम होती जा रही है। वही जुआ, सट्टा संचालित करने वालों के हौसला बुलंद होता जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा छोटे-छोटे पट्टीदार व छोटे जुआरियों को पकड़कर खाना पूर्ति कर रहे है। रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर जीवकोपार्जन करने वाले लोग एक का नब्बे बनाने के चक्कर में पड़कर अपने मेहनत की कमाई को बर्बाद कर रहे है। नगर के कई वार्डो मे हाइ प्रोफाइल तरीके से जुआ व सट्टे का कारोबार बदस्तुर जारी है। उक्त संचालित जुआ व सट्टा को आज तक किसी भी द्वारा बंद नहीं कराया जा सका है। जिससे नगर में कई तरह के चर्चा चैक-चैराहों में होने लगे है।

एक का नब्बे बनाने में जुटे लोग

सट्टे के पुराने खाईवाल सक्रिय हो गए है। नगर के कुछ लोगों ने बताया कि नगर में सट्टे का व्यापार चल रहा है। इससे नगर का माहौल खराब हो रहा है। लोग अधिक पैसों के लालच में एक का नब्बे बनाने में लगे है। पूर्व में भी पूरा क्षेत्र सट्टे की गिरफ्त में था, लेकिन कुछ समय के लिए यह सट्टे का बाजार मानो थम सा गया था। बताया जाता है कि यह अवैध व्यापार फिर से तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। सट्टे के जाल में फंसकर कई लोग अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे है, लेकिन साथ ही इसका खामियाजा इनके परिवार वालों को भुगतना पड़ता है। सट्टे में पैसा हारने के बाद घर पहुंचे लोगों के अधिकांश घरों में विवाद की स्थिति भी निर्मित होती रहती है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने किया ग्राम मनोरी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

अंतर सिंह आर्य जी ने बिजौरी बैगान टोला के डायरिया फैले एवं मृत्य जनों के परिवारों से घर जाकर चर्चा की और जिन परिवारों की मृत्यु हुई है उन परिवारों को दो-दो लाख रुपए जिला प्रशासन को राहत राशि देने के निर्देश दिए। बैगान टोला में जनमन योजना के तहत सी.सी. सड़क, पुलिया, नल जल योजना शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जिला प्रशासन को योजनाओं से प्रत्येक सदस्यों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। और पीएचई विभाग को हैंडपंप, कुआं का पानी परीक्षण कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अमरपुर बीएमओ को नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम मनोरी,बैगान टोला, ऊपर टोला में निवासरात गांव के सभी परिवारों का बायोलॉजिस्ट डॉक्टर टीम के द्वारा प्रत्येक सदस्य का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके इलाज एवं दवाईयां प्रदान करने के निर्देश दिए, ताकि आने वाले भविष्य में ऐसे बीमारियों से बचाव किया जा सके। कार्यक्रम में ओमप्रकाश धुर्वे विधायक विधानसभा क्षेत्र शहपुरा, भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया, बीजेपी मंडल अध्यक्ष ए.आर.मिश्रा, सरपंच कालिया बाई एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला प्रशासन से एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, तहसीलदार अमरपुर, बीएमओ अमरपुर, संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य 26 जुलाई शुक्रवार को स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11:45 बजे जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) के भवनों का किया निरीक्षण

डिंडौरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज औरई माल (डिंडोरी) में प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों (एएचपी प्रोजेक्ट) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रहवासियों के द्वारा बताया गया कि कुछ भवनों की छत एवं दीवारें सीपेज हो रही हैं। कलेक्टर ने तत्काल संबंधित ठेकेदार को भवनों के दुरुस्तीकरण करने हेतु निर्देशित किए हैं। साथ ही नगर परिषद के अधिकारियों को नाली की साफ सफाई कराने और ठेकेदार द्वारा की जाने वाली भवन मरम्मत कार्य की निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने वीएलसी आवासों का भी मुआयना किया। आवश्यक सुविधाओं और साफ सफाई के संबंध में हितग्राहियों से चर्चा की।

कोतमा विधानसभा में उद्योग धंधे चौपट

राज्यमंत्री ने अडानी ग्रुप को पत्राचार कर उद्योग धंधे स्थापित करने किया आमंत्रित

कोतमा।

वर्तमान में कोतमा विधानसभा क्षेत्र में उद्योग धंधे स्थापित नहीं होने के कारण यहां का व्यापार चौपट होता जा रहा है। क्षेत्र में स्थापित कोयले की खदाने भी बंद होने के कगार पर है। लोग बाहर पलायन करने को मजबूर है। जिसको देखते हुए मध्य प्रदेश शासन के ग्रामोद्योग एवं कुटीर राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने गौतम अडानी चेयरमैन ऑफ अडानी ग्रुप को पत्राचार करते हुए क्षेत्र में उद्योग धंधे स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है।

ग्राम उद्योग कुटीर राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने पत्र के माध्यम से लेख किया है कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरदा मझटोलिया एवं छतई मे वेलस्पन एनर्जी अनूपपुर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वर्ष 2010-11 में किसने की

जमीन अधिग्रहित की गई थी तब किसानो को यह कहा गया था कि अधिग्रहित की गई भूमि पर थर्मल पावर प्लांट लगाएगे जिससे सभी प्रभावित किसानों को रोजगार दिया जाएगा। इस बात पर सभी किसानों ने आशावान होकर अपनी भूमि कंपनी को दी थी, लेकिन वर्ष 2017-18 से इस भूमि को अडानी कंपनी ने ले लिया है तब से अभी तक प्लांट नहीं लगा है। इसलिए किसान बहुत हताश है और इसलिए वह अपनी जमीन वापस लेना चाहते हैं। मंत्री श्री जायसवाल ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि इस भूमि पर जल्द से जल्द आपको थर्मल उद्योग लगाना चाहिए ताकि प्रभावित किसानों को रोजगार मिल सके और जमीन उपयोग के लिए ग्रामवासियों से ली गई थी उसका सही उपयोग हो सके। यदि आप थर्मल उद्योग नहीं लगा सकते हैं तो अन्य कोई उद्योग जरूर लगाए जिससे ग्राम वासियों व भूमि स्वामियों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि आपकी जमीन पर अतिक्रमण और बाउंड्रीवाल की मरम्मत की समस्या है।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

विक्षिप्त पीड़िता के मामा ने शराब पिलाकार की वारदात

अनूपपुर।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी.गुप्ता की न्यायालय द्वारा अपने सत्र प्रकरण क्र. 70/23, थाना महिला पुलिस थाना अनूपपुर के अप. क्र. 07/23, धारा 376(2)आई, 376(घ) भादवि के आरोपीगण लखन पिता रंजीत यादव उम्र 46 वर्ष, पूरन लाल पिता रामनारायण कुशवाहा उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बरबसपुर, वार्ड नं. 2 थाना कोतवाली, जिला अनूपपुर धारा 376(घ) के अपराध में आरोपीगणों को आजीवन कारावास जो शेष प्राकृतिक जीवन काल के लिए होगा एवं 50-50 हजार रुपए के अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में म.प्र. शासन की ओर से पैरवी प्र. जिला अभियोजन अधिकारी हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई। 18 मार्च 2023 को रात्रि 11 बजे फरियादिया की मानसिक रूप से विक्षिप्त पुत्री पीडिता घर आई तो उसके बाल बिखरे हुए थे कपडे अस्त-व्यस्त थे। पीडिता से पूछने पर उसने बताया कि आरोपी लखन यादव व पूरन कुशवाहा ने जिसको पीडिता मामा बोलती थी उसे शराब पिलाई और दोनों ने मिलकर उसके साथ बलात्कार की घटना कारित की। जिसकी शिकायत पीडिता की मां द्वारा थाना में की गई। एफआईआर दर्ज होने के पश्चात कोतवाली पुलिस द्वारा पीडिता का मेडीकल कराया और पीडिता के कथन लेखबद्व किए विवेचना के दौरान वैज्ञानिक व दस्तोवजी साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य का संकलन किया गया और जप्त प्रदर्शो को डीएनए परीक्षण हेतु एफएसएल सागर भेजा गया। जिसके परिणाम धनात्मक आए जिससे आरोपी द्वारा अपराध प्रमाणित पाए जाने की पुष्टि वैज्ञानिक साक्ष्य से हुई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण को जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित कमेटी द्वारा प्रकरण को जघंन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की श्रेणी मे रखा और प्रकरण की सतत मानीटरिंग पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई।

खबर संक्षेप

गुरूओ का किया सम्मान

नरसिंहपुर। विगत दिवस गुरू पूर्णिमा पर वीरांगना क्लब द्वारा ग्राम पंचायत देवरी कला के शासकीय स्कूल के शिक्षको का सम्मान साल श्रीफल भेंट कर तिलक लगाकर किया। शाला परिवार मे श्रीमति ममता नामदेव श्रीमति रजनी शर्मा एच एल शर्मा शिव शंकर पटैल जी। क्लब की अध्यक्ष ने अपने उद्धबोधन मे बच्चो को गुरू पूर्णिमा पर्व क्यो मनाया जाता है गुरूओ के द्वारा शिक्षण देकर संस्कारवान बनाने का जो दायित्व बखूबी निभा कर आप सभी को हुनरमंद बनाते है। क्लब की वरिष्ठ लीनेस रूप कला कटारे के मार्गदर्शन मे यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ उपस्थित क्लब सदस्य में संरक्षक शोभापाल, एरिया आफिसर अर्चना राय, अध्यक्ष पूनम जैन, उपाध्यक्ष सविता महोविया, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया लीनेस रानू नोरिया आदि का सहयोग रहा।

कलेक्टर ने छात्र छात्राओं से की चर्चा

नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर बड़ा का औचक निरीक्षण कर बच्चों से संवाद किया और विभिन्न कक्षाओं का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने यहाँ खेल मैदान, आईसीटी लैब का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कक्षा 12 वीं की दुर्गा मलाह, हर्षित व कक्षा 11 वीं के अमन पटेल से संवाद के दौरान विषय संबंधी जानकारी ली और इसके बाद की तैयारियों के बारे में पूछा। विद्यार्थियों से खेलों के बारे में भी पूछा। उन्होंने बच्चों से कैरियर संबंधी चर्चा कर मार्गदर्शन दिया। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अपने बीच पाकर विद्यार्थी प्रसन्न हुए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने यहां विद्यालय परिसर में पुत्रजीवा का औषधीय पौधा रोपा। साथ में सहायक कलेक्टर शुभम कुमार यादव,जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने भी पौधरोपण किया।

मूंग उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण

नरसिंहपुर। गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मूंग उपार्जन केन्द्र पटेल वेयरहाउस मगरधा, उपार्जित सेवा सहकारी समिति लौकीपार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थायें देखी और किसानों से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मूंग बेचने आये किसानों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने यहां सर्वेयर से किसान द्वारा लाये मूंग का परीक्षण कराया, जो मानक स्तर की पाई गई। निरीक्षण के दौरान समिति में बारदानो की पर्याप्त उपलब्धता पायी गई। इसी तरह कलेक्टर ने वेयरहाउस करेली बस्ती देव वेयरहाउस कनवास और चैधरी वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र

तेंदूखेड़ा विगत दिनों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चॉवरपाठा में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डीएफओ लवित भारती ने छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग कर उन्हें बेहतर कैरियर हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया इस दौरान एक छात्रा के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा भी सरकारी स्कूल में हुई है लगातार मेहनत ही सफलता की कुंजी है उन्होंने आसान शब्दों में सभी छात्र छात्राओं के कैरियर से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया तथा आसान शब्दो मे अखिल भारतीय सेवाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी साथ ही छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के विषय पर महवपूर्ण जानकारी प्रदान की एवं कार्यक्रम के अंत मे एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर मे फलदार पौधे का रोपण किया तथा छात्रों ने इन पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प भी लिया इस दौरान नेशनल यूथ अवार्डी शिवम मिश्रा वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेडे अभिषेक मालवीय विकास दुबे गोपाल पटेल प्रभात पटेल सचेंद्र पटेल प्राचार्य के पी साइलवर श्रीभगवान उपाध्याय एच डी नोरिया सहित समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

पुलिस कर्मियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न अपराधों पर लगाम लगाने के दिये सख्त निर्देश

नरसिंहपुर। गत दिवस जिले मे आपराधिक गतिविधियों तथा अपराधियों पर लगाम लगाने के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर उन्हे सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गये। एस पी द्वारा सभी थानों की कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा बैठक, थाना क्षेत्रों में गौवंश के अवैध परिवहन, सट्टा, जुआ, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ, चोरी की घटनाओं पर लगाएं पूर्णतः अंकुश, थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश, शिकायतें मिलने पर की जाएगी कठोर दंडात्मक कार्यवाही। समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया सहित सभी अनुभागों के एसडीओपी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

अपराधों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें

समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा जिले में अवैध शराब का अवैध परिवहन, विक्रय, अवैध मादक पदार्थ का विक्रय, सट्टा, जुआ एवं रेत माफियाओं एवं समस्त प्रकार के माफियाओं पर सख्ती बरतते हुये क्षेत्र में अवैध कारोबार का पूर्णतः प्रतिबंधित करने हेतु जिले के सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को सख्ती से निर्देशित किया गया है, साथ ही थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जावे एवं अनावश्यक आजमनों की शिकायतों को लंबित न रखा जावे तथा जिला एवं अनुभाग स्तर पर शिविर का आयोजन कर पीड़ित व्यक्तियों की शिकायत प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जावे।

महिला संबंधी अपराधों करें त्वरित कार्रवाई

समीक्षा बैठक के दौरान एस पी द्वारा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष कदम उठाने हेतु दिशा निर्देश देते हुए यह भी कहा गया कि यदि किसी भी महिला संबंधी अपराध की रिपोर्ट आती है तो तत्परतापूर्वक वैधानिक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित किया जावे। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में गौवंश के अवैध परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंधित करने हेतु जिले के सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को सख्ती से निर्देशित किया गया है साथ ही थाना क्षेत्र में चोरी के घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखते हुए रात्रि गस्त को प्रभावी बनाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए है।

आने वाले मुसाफिरों की हो चेकिंग

पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में कृषि कार्य एवं अन्य कार्यो से बाहर से आये मुसाफिरों निरंतर चैकिंग कर उनसे संबंधित समस्त जानकारियों को एकत्रित कर उनका चरित्र सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें। पूर्व से नकबजनी संपत्ति संबंधी अपराधी जो जेल में निरूद्ध थे रिहाई उपरान्त उन रखी जावे निरंतर नजर थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये कि नकबजनी/संपत्ति संबंधी अपराधों के अपराधी जो जेल में निरुद्ध थे उनकी रिहाई उपरान्त उनकी निरंतर चैकिंग की जावे एवं संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जावे।

आदतन अपराधियों की हो निगरानी

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों के ऐसे आदतन अपराधी जो वर्तमान में जमानत है उनकी निरस्तीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। जैसे ही किसी भी सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारी तत्काल घटना स्थल पर पहुॅचकर एवं घायलों की आवश्यकता अनुसार तत्काल मदद पहुचाएं एवं स्वयं घायलों को अस्पताल पहुॅचकर में मदद करें। साथ ही अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा समस्त एसडीओपी को निर्देश दिये गये कि वे अपने-अपने क्षेत्र के दुर्घटना संभाबित क्षेत्र (ब्लैक स्पॉटों) का भ्रमण करे एवं सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय करें।

स्वास्थ्य केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुरबड़ा और मुंगवानी का आकस्मिक निरीक्षण किया और यहाँ मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दवा वितरण केन्द्र, दवाईयों की उपलब्धता एवं उपकरण, टीकाकरण एवं कोल्ड चैन रूम, लेबर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न संधारित रजिस्टरों का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने यहां हाई रिस्क महिलाओं की जानकारी ली। उन्होंने 19 हाई रिस्क महिलाओं का फॉलोअप करने के लिए कहा। अस्पताल से रेफर किये गये मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि हाई रिस्क महिलाओं के रिकार्ड सुरक्षित रखा जाये और एएनएम को सक्रिय किया जाये। कलेक्टर ने यहां मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा भी की और यहाँ किए जा रहे इलाज व सुविधाओं की भी जानकारी ली। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगवानी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने यहां होने वाले प्रसव की जानकारी ली। उन्होंने अमले को निर्देश देते हुए कहा कि मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड में सभी जानकारी पूरी भरी जाये। उन्होंने बीएमओ को निर्देशित किया कि टीकाकरण की स्थिति को देखें। उन्होंने यहाँ के प्रसव कक्ष का अवलोकन भी किया।

ट्रक ने यात्री बस को मारी टक्कर 10 यात्री घायल, नेशनल हाईवे 44 पर हादसा

नरसिंहपुर । जिले के थाना क्षेत्र सुआतला थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 पर सगरी के पास नरसिंहपुर से सागर जा रही बस को पीछे से आ रहे एक ट्रक (आरजे 14 जीपी 8099) ने टक्कर मार दी। इस टक्कर से बस सड़क से नीचे जा गिरी, बस में 20 यात्री सवार थे। हादसे में 10 यात्री घायल हो गए। घटना में सागर के गोपालपुरा निवासी रूपरानी पति पति भगवानदास ठाकुर (70), राजकुमारी पिता भूरे ठाकुर (11), कृष्णा पिता भूरे (7), राधारानी पति शिवदयाल ठाकुर (500, ग्राम बीतली निवासी दुल्ली पिता नब्बे चैधरी (60), जाहिदाबानो पिता कबीर बानो (36) नरसिंहपुर, देवेंद्र पिता प्रकाश ठाकुर (17) जगन्नाथपुर को चोट आई है। पुलिस ने बताया कि बस चालक असलम पिता महरून रफीक (51) निवासी सागर निवासी है। वहीं ट्रक चालक योगेश पिता खेमचंद जाट (29) निवासी अलीगढ़ उप्र का रहने वाला है। घटना के तुरंत बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई। घायल यात्रियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। गनीमत रही कि सभी घायलों को मामूली चोटें ही आई हैं और कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने यातायात को नियंत्रित किया और ट्रक चालक को हिरासत में लिया। सुआतला पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ट्रक चालक ने वाहन की गति पर नियंत्रण खो दिया था, जिससे यह हादसा हुआ। सुआतला थाना प्रभारी आशीष धुर्वे ने बताया कि बस रोड पर खड़ी थी और पीछे से आ रहा है कंटेनर ने बस को टक्कर मार दी। जिससे बस हाईवे से नीचे उतर गई बस में 20 यात्री सवार थे, जिनमें से 10 को चोटें आईं हैं। हादसा राजमार्ग से बरमान के बीच में हुआ।

भाजपा युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जुलुस

नरसिंहपुर। गुरूवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर मशाल जुलुस का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे किया गया, मशाल जुलुस स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होकर सुभाष पार्क मे संपन्न हुआ, जिसमे महापुरुषों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि शहीदों की वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता इस आजादी को पाने के लिए जाने कितने शहीदों ने अपना प्राणों को न्यौछावर कर दिया। हमें अपने देश की विशेषताओं को कायम रखते हुए सहेजना होगा। जब जब देश पर हमला हुआ तब तब हमारे वीर जबानो ने उसका कड़ा जबाब दिया, युवाओं को वीर जवानो के जीवन से प्रेरणा लेने की जरुरत है, भाजपा जिला महामंत्री डा हरगोबिंद पटेल ने कहा कि देश के जवान किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए सर्वदा तत्पर रहते हैं, चिलचिलाती गर्मी, मूसलाधार बारिश, जमा देने वाली ठंड में घर-परिवार से दूर सैनिक अपने लक्ष्य पर डटे रहते हैं। वीर जवानों के कारण ही हम और हमारा परिवार, समाज चैन की साँस लेता हैं, वे हैं इसलिए हम हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि कारगिल की लड़ाई मां भारती के वीर सपूतों के शौर्य का प्रतीक है. भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और समर्पण का मैं हृदय से वंदन करता हूं. आज का दिन हमारे सैनिकों की वीरता और पराक्रम की कहानियों से भावी पीढ़ियों को देश के लिए जीने मरने के लिए प्रेरित करता रहेगा. मै सभी युवाओं से आग्रह करता हुं देश के वीर शहीदों के जीवन को आत्मसात करें, और शहीदों का बलिदान व्यर्थ ना जाए इस लिए उनकी गाथाये नौजवानों तक ले जाये, और नौजवानों को नशे से दूर करने के लिए प्रेरित करें, उक्ताशय की जानकारी देते हुए युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री चैधरी अभिषेक रघुवंशी, आभार मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने किया,कार्यक्रम मे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी गोस्वामी,भाजपा के जिला महामंत्री ठाकुर राजीव सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, जिला सह कार्यालय मंत्री शिशिर दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन सरपंच की मनमानी का आरोप

नरसिंहपुर । विगत दिवस जनपद पंचायत करेली अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमखेड़ा में सरपंच पति की मनमानी तथा योजनाओं के नाम पर हीलाहवाली का आरोप लगाते हुये कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि महिलाएं सरपंच एवं उनके पति पर आरोप लगते हुए कहा कि है हमारे द्वारा पंचायत में चल रहै भ्रष्टाचार की शिकायत पूर्व में की गई थी कलेक्टर के पास जिससे बौखलाकर सरपंच पति एवं महिला सरपंच ने नरसिंहपुर आकर उनकी झूठी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। कोसम खेड़ा पंचायत से आये ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाय है कि पंचायत के सारे काम सरपंच पति की निगरानी में हो रहा है फिर चाहे पंचायत के विकास कार्य के फर्जी बिलों का भुगतान कर शासकीय राशि का गवन करना हो या फिर निमार्ण कार्य , लाखों का भ्रष्टाचार ये बड़ी आसानी से कर लेते हैं हैरत की बात तो यह है की ग्रामीणों द्वारा बार बार इनके द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की गई शिकायत की जा रही है।

कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

नरसिंहपुर। गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरूवार को आंगनबाड़ी केन्द्र सिंहपुरबड़ा का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से संवाद कर आवश्यक जानकारी ली और यहाँ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने आंगनबाड़ी केन्द्र में मौजूद बच्चों से संवाद के दौरान मीनू के अनुसार मिलने वाले नाश्ते व भोजन के बारे में पूछा। बच्चों को आज दिये गये नाश्ते एवं भोजन का सैंपल भी चेक किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कविता भी सुनी और उन्हें दुलार किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र के रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए यहां दर्ज बच्चों, उपस्थित बच्चों और प्राइवेट स्कूल में जाने वाले बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से लाड़ली बालिकाओं की ई- केवायसी एवं डीबीटी की जानकारी ली। गर्भवती व धात्री महिलाओं की आभा आर्डडी बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों की भी आभा आईडी बनाई जाये।

एन एच आई की मनमानियों का खामियाजा भुगत रहे निर्दोष

तेंदूखेड़ा। जिस सुरक्षित आवागमन की सुविधा को लेकर जबलपुर भोपाल और झांसी नागपुर हाईवे का चार लाइन निर्माण कराया गया है उसमें एन एच आई के अधिकारियों की मनमानी और सुरक्षा को तैनात बाहन की उदासीनता के कारण सड़कों पर प्रतिदिन खून बहता हुआ देखा जाता है वहीं निर्दोष यात्री असमय काल के गाल में समाते चले जा रहे हैं। लेकिन सुधार की दिशा में कोई उचित कार्यवाही ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है। अधिकारी अभी दुर्घटनाओं के पीछे उन कारकों का पता भी नहीं लगा पायें है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 झांसी नागपुर और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच राजमार्ग चौराहा है।जिसे प्रेम नगर चौराहे के नाम से भी संबोधित किया जाता है। यहां पर आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।आये दिन सड़क खून से सन रहीं हैं। बड़े बड़े हाईवा ट्राला चौराहे पर आकर पलटते हुए निर्दोष यात्रियों को कालकल्वित कर रहे हैं।जिसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त हैं।

सड़कों पर पसरा अतिक्रमण

एन एच आई ने सड़क निर्माण के दौरान भूमि अधिग्रहण कर लोगों को मुआवजा देकर भूमि अपने नाम से करा ली गई है लेकिन सड़क बनने के बाद शेष भूमि पर अतिक्रमण पसरने से एन एच से गुजरने वाले भारी बाहनों को आवागमन में परेशानी हुआ करती है वहीं ब्रिज के नीचे बनें गोले तथा सड़क के बाद सटकर लगी दुकानों के कारण भारी वाहन अचानक संतुलन ना बन पाने के कारण पलट जाते हैं। पिछली घटनाओं को अगर देखा जाए तो ट्राला सीधे इन दुकानों में आकर घुस गये हैं। हाल ही में एक ट्राला सीधा मारुति कार पर जाकर पलट गया जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अतिक्रमण केवल दुकानों का ही नहीं बल्कि इसी मुख्य सड़क मार्ग पर जहां गिट्टी और रेत के बड़े बड़े ढेर फिर मनमाने तरीके से जहां तहां बाहन खड़े होना भी एक कारण में शामिल हैं। मवेशियों के झुंड उन्हें बचाकर चलना भी जरूरी है। सुरक्षित आवागमन को लेकर 1033 बाहन सेवा नदारत पाई जाना भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनीं हुई है।

सड़क किनारे खुले पड़े नाले

एन एच आई के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रिजों के बाजू से जो एप्रोच सड़क मार्ग बनाये गये हैं उनके बाजू से बड़े बड़े नालों का निर्माण कराया गया है लेकिन इन नालों को बनाकर ढकना भूल गए। जिसमे आये दिन मवेशियों को गिरकर जख्मी होना वाइक चालकों को गिरकर हाथ पैर टूटना अब आम बात हो गई है। चूंकि समाचार पत्रों के माध्यम से अनेकों बार उच्चाधिकारियों तक यह विषय भेजे भी गये लेकिन यह विषय नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई। देवरी राजमार्ग पर नाले में अनेकों बार मवेशियों को गिरकर जख्मी होना उनकी असमय मौत होना आम बात हो गई है।इस विषय को स्थानीय लोगों द्वारा एन एच आई के वरिष्ठ अधिकारियों को भी पूर्व में अवगत कराया गया था लेकिन आज तक सुधार की दिशा में केवल आश्वासन ही हाथ लगे।*बनीं जलभराव की स्थिति सड़क किनारे ऊंचाई अधिक होने की स्थिति में जहां तहां जलभराव की स्थिति बनी हुई है। पानी निकासी की कहीं कोई उचित व्यवस्था नहीं बनाई गई है मुख्य सड़क का पानी तो इस नाले से रुककर बह जाता है लेकिन दूसरी तरफ का पानी सीधा निचाई वाले स्थान पर जगह देखकर तालाब में तब्दील हो जाता है। रहवासी क्षेत्रों में इससे मच्छर पनपने से लेकर विभिन्न प्रकार की समस्यायों से जूझना पड़ रहा है।

एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

नरसिंहपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार 26 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले (प्लेसमेंट ड्राईव) का आयोजन किया जायेगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को साक्षात्कार उपरांत निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ मेला स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते है। उक्त जानकारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति करेली जिला - नरसिंहपुर

क्रमांक/मण्डी / निर्माण / 24-25 / करेली / 393 दिनांक 24.07.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म. प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2024_MPSAM_359425_1 एवं 2024_MPSAM_359411_1 अन्तर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 16.08.2024 को बजे 15.30 तक आमंत्रित https://www.mptenders.gov.in की जाती है । निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म. प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी ।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति करेली
जिला - नरसिंहपुर